On the Occasion of 98th Foundation Day Celebration

# आमलकी

*The Souvenir*

## 8TH ALUMNI MEET

## 26th July, 2024

*Organised By-*


RAJKIYA AYURVED MAHAVIDYALAYA PATNA PURVAVARTI CHATRA SANGH

Kadamkuan, Patna-3 |Mob.: 7354018299, 6200919854, 9431047537

Email: gachpatnaalumni@gmail.com | Website : www.gachpatnaalumni.com



*(Reg. No. : S000175/18-19, Regd. Under Society Act 21, 1860, Govt. of Bihar)*

# पूर्व में सम्पन्न कार्यक्रमों का झलकियाँ
























Published by GOVERNMENT AYURVEDIC COLLEGE PATNA ALUMNI ASSOCIATION
& Printed by ACE Graphics, Langertoli, Patna | 9905963380, 9801400704, acegraphicspatna@gmail.com

मुख्य मंत्री
बिहार

पटना

दिनांक 24.07.2024



# संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पूर्ववर्ती छात्र संघ, पटना के द्वारा दिनांक **26** जुलाई, **2024** को स्थापना दिवस के अवसर पर *पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह* का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन भी प्रस्तावित है।

राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना का आयुर्वेद जगत में सदा विशिष्ठ स्थान रहा है। पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह के आयोजन से पूर्ववर्ती छात्र–छात्राओं को एक दूसरे के साथ अपने विचारों एवं अनुभवों को साझा करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। आशा है, स्मारिका में प्रकाशित लेख शिक्षार्थियों के लिए ज्ञानवर्द्धक और आमजन के लिए लाभप्रद होगा। राज्य सरकार आयुर्वेद के विकास, शिक्षण, अनुसंधान एवं आयुर्वेद को जनमानस के मध्य लोकप्रिय तथा विश्वसनीय बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

मैं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना के वर्तमान तथा पूर्ववर्ती छात्र एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए समारोह में भाग लेने वाले सभी महानुभावों को बधाई देता हूँ तथा समारोह के सफल आयोजन एवं स्मारिका के सफल प्रकाशन और उसकी उपयोगिता हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

( नीतीश कुमार )

सम्राट चौधरी
उप मुख्यमंत्री
बिहार

Samrat Choudhary
Deputy Chief Minister
Bihar

पत्रांक : ........................

दिनांक : 15.07.2024



## शुभकामना संदेश

यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पूर्ववर्ती छात्र संघ, पटना द्वारा 26 जुलाई, 2024 को पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह के आयोजन के अवसर पर एक **"प्रकाश्य स्मारिका"** का प्रकाशन किया जा रहा है, जो अत्यन्त ही सराहनीय कार्य है।

राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पूर्ववर्ती छात्र संघ, पटना द्वारा आयोजित "पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह" एक अनोखी परम्परा है, इसकी मैं सराहना करता हूँ। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप लोग इस परंपरा से गुणात्मक शिक्षा और मानव मूल्यों को मजबूती प्रदान करेंगे एवं अपने सद्‌गुणों को सामाज के विभिन्न हिस्सों में फैलायेंगे।

मैं इस संघ से जुड़े सभी लोगों को इस आयोजन एवं **"प्रकाश्य स्मारिका"** के प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामना और बधाई देता हूँ।

(सम्राट चौधरी)

Office : Finance Department, Main Secretariat, Bihar, Patna - 800015
Mob. : 9431114448, Telephone No. : 0612-2217894 (O), 2217639 (Fax), 2217922 (R)
Email ID : dycmbiharsamrat@gmail.com
Residence - 11 M Strand Road, Patna - 800015

# मंगल पाण्डेय

मंत्री
स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग
बिहार, पटना

बिहार सरकार

**Mangal Pandey**
Minister
Health & Agriculture Department
Bihar, Patna


पत्रांक 526 (आ०)                                                       दिनांक 18.07.2024



## "शुभकामना संदेश"

यह जानकर अति प्रसन्नता हुई कि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना 98 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र संघ द्वारा पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह आयोजन कर रही है। साथ ही इस अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन होने जा रहा है।

आयुर्वेद हमारे देश की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, जिससे असंख्य लोग लाभान्वित हो रहे है। आयुर्वेद बेहतर जीवन शैली के लिए अद्भुत उपकरण प्रदान करता है।

अतएव महाविद्यालय के स्थापना दिवस–सह–मिलन समारोह एवं प्रकाशित होने वाली स्मारिका के लिए मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

(मंगल पाण्डेय)


कार्यालय : विकास भवन प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800015, दूरभाष- 0612-2215330 फैक्स नं- 0612-2215603 मो- 09470034488
आवास : 04 टेलर रोड, पटना-800001, दूरभाष- 0612-2217050 फैक्स - 0612-2233855
ई-मेल : mpbjp72@gmail.com

**सुरेन्द्र राय,**
विशेष कार्य पदाधिकारी
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना
महानिदेशक (आयुष)
अध्यक्ष
बिहार राज्य आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा परिषद, पटना।
मो0 न0 8294614408

**Surendra Roy**
OSD
Health Department, Govt of Bihar
Director General (Ayush)
President
Bihar State Ayurvedic & Unani Medicine Council, Patna
Mob No 8294614408



## शुभकामना संदेश

यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना का 98वी स्थापना दिवस दिनांक 26.07.2024 के अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ की ओर से पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन हो रहा है एवं इस अवसर पर एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा एवं उच्चकोटी की शिक्षा प्रदान करने में इस महाविद्यालय का गौरवमयी इतिहास रहा है। यहाँ से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं देश के सुदूर कोणो तक पहुँच कर अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। यह मिलन समारोह एवं प्रकाश्य स्मारिका आयुष जगत के उत्थान हेतु भावी योजनाएँ बनाकर इसे नयी ऊँचाईयों तक पहुँचेगा ऐसी मेरी कामना है। मिलन समारोह एवं प्रकाशन स्मारिका की हार्दिक शुभकामनाऐं।

**(सुरेन्द्र राय)**
विशेष कार्य पदाधिकारी
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना।

डा0 राजेश्वर सिंह,
निदेशक आयुर्वेद
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना
मो0 न0 9415659377



Dr. Rajeshwar Singh
Director- Ayurved
Ayush Directorate Health Deptt Bihar
Mob No 9415659377

## शुभकामना संदेश

अत्यंत हर्ष का विषय है कि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना का 98वीं स्थापना दिवस दिनांक 26.07.2024 के अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ की ओर से पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन हो रहा है एवं इस अवसर पर एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, पटना की स्थापना आजादी के पूर्व 26.07.1926 में हुई है।

पूर्ववर्ती मिलन समारोह में देश के भिन्न–भिन्न राज्यो से पूर्ववर्ती छात्र भाग लेने आ रहे है, पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह में भाग लेने वाले पूर्ववर्ती छात्रों को अपने ज्ञान अनुभव और अनुसंधान को एक दूसरे के साथ बाटने का शुभ अवसर प्राप्त होगा।

आयुर्वेद अत्यन्त प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद का शब्दिक अर्थ है– जीवन का विज्ञान। आयुर्वेद रोग के रोकथाम एवं इसके उत्पति के मूल कारण एवं निवारण पर विशेष रूप से बल देता है। आज सम्पूर्ण विश्व इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति का संज्ञान ले रहा है एवं इसे वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में अपना रहा है। महाविद्यालय एवं अस्पताल के स्थापना दिवस तथा पूर्ववर्ती छात्र के मिलन समारोह के सफल आयोजन और इस अवसर पर प्रकाशित होने वाले स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए मेरी शुभकामनायें ।

Rajeshwar Singh

(डॉ0 राजेश्वर सिंह)
निदेशक आयुर्वेद
आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग,
बिहार



# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक 26.07.2024 को पूर्ववर्त्ती छात्र मिलन समारोह के अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण है जो अपने पूर्ववर्त्ती छात्रों के विभिन्न क्रियाकलाप एवं उनके बारे में जानकारी देने का कार्य करेगा ।

किसी भी संस्था के लिए पूर्ववर्त्ती छात्र उसके महत्त्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं और संस्था के विकास में उनका भी योगदान बहुत ही महत्त्वपूर्ण होता है। इस स्मारिका में विभिन्न विद्वानों के वैज्ञानिक शोध संबंधी लेख प्रकाशित होंगे और पूर्व के छात्रों के विषय में भी सभी को जानकारी होगी । यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है ।

मैं इसके लिए राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना के समस्त पूर्ववर्त्ती छात्र एवं उनके सहयोगियों की सराहना करते हुए उनको साधुवाद एवं शुभकामना देता हूँ तथा यह आशा करता हूँ कि पूर्ववर्त्ती छात्र संघ के द्वारा प्रकाशित पत्रिका अपने आप में एक मील का पत्थर साबित होगा ।



**डॉ० ( प्रो० ) सम्पूर्णा नन्द तिवारी**
प्राचार्य
राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, पटना

# राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल, कदमकुआँ, पटना– 800003

**डा० (प्रो०) सुमेश्वर सिंह**
एम०डी० (आयु)
प्रभारी अधीक्षक,
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय अस्पताल, पटना।
मो०– 9431881708



## शुभकामना संदेश

यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना के पूर्ववर्ती छात्र संघ द्वारा महाविद्यालय के 98वीं स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों का समागम समारोह किया जा रहा है एवं इस अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन किया गया है। यह स्मारिका निश्चित ही इस महाविद्यालय को उच्चतम शिखर पर पहुँचाने मे सहायक सिद्ध होगा।

मेरे लिए यह सम्मान एवं प्रतिष्ठा का विषय है कि मैं भी राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पटना का स्नातक एवं स्नातकोत्तर का छात्र रहा हूँ।

मेरी तरफ से पूर्ववर्ती छात्र संघ एवं आयोजक मंडल को सफलता की बधाई तथा असीम शुभकामनाएँ।



डा० (प्रो०) सुमेश्वर सिंह

# संपादकीय



दुर्लभ मनुष्य जन्म है, देह न बारम्बार,
तरुवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागे डार ।
(कबीर)

मनुष्य का जन्म मिलना बहुत दुर्लभ है, यह शरीर बार–बार नहीं मिलता, जैसे पेड़ से झड़ा पत्ता वापस पेड़ पर नहीं लग सकता । इसी प्रकार भारत वर्ष के प्रतिष्ठित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना का छात्र होना सौभाग्य की बात है।

हमारा महाविद्यालय एवं अस्पताल का स्वर्णिम इतिहास रहा है तथा यहाँ के छात्र एवं शिक्षक देश एवं विदेश में आयुर्वेद क्षेत्र के विकास में महत्ती भूमिका निभाते रहे हैं ।

महाविद्यालय के 98वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर 26 जुलाई 2024 को राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पटना पूर्ववर्ती छात्र संघ द्वारा पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। पूर्ववर्ती छात्र किसी भी संस्थान के लिए एक मजबूत स्तम्भ होते हैं। उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से संस्थान को नयी ऊँचाई पर ले जाने में मदद मिलती है।

परम्परा अनुसार 8वाँ पूर्ववर्ती छात्र समारोह सत्र 1995–2000 को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर स्वर्णिम यादों को संयोजने एवं महाविद्यालय को स्वर्णिम काल में अग्रसर करवाने हेतु स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। स्मारिका को 'आमलकी' संज्ञा दी गयी है।

**'आमलकं वयः स्थापनानां'**

जिस प्रकार आमलकी शरीर के मल को दूर कर वय (आयु) का स्थापन करता है, उसी प्रकार महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र महाविद्यालय के कमियों/दोषों को सुधार लाने/दूर करने में अपनी महत्ती भूमिका निभाकर महाविद्यालय एवं अस्पताल को गौरवशाली बनायेंगे। ऐसी आशा एवं अपेक्षा रखते हुए अपने कर्त्तव्यपथ पर सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से कदम बढ़ाते रहेंगे ।

अंत में आयोजक मण्डल सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि जिनके सौजन्य से स्मारिका अपने मूर्त्त रूप में आ सकी ।

**वैद्य रमण रंजन**
सम्पादक अभया स्मारिका
सह सहायक प्राध्यापक, द्रव्यगुण विभाग
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना
सह–मुख्य परामर्शी तथागत आयुर्वेदम्, पटना
सह–नस्या राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

## ‘अध्यक्ष के कलम से’............



राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, पूर्वावर्ती छात्र संघ के सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं माननीय अतिथियों का हार्दिक स्वागत है। 7th Alumni Meet तक का सफर बहुत खट्टे–मीठे अनुभव से भरा रहा है। वैसे तो इस महाविद्यालय का मैं छांत्र भी रहा और छात्र–छात्राओं को पढ़ाते हुये विभिन्न प्रशासनिक कार्य करते हुए इस महाविद्यालय से सेवानिवृत हुआ हूँ। फलतः एक लं.................बा अनुभव रखता हूँ।

यह विडम्बना है, कि जिस शास्त्र ने मानव जीवन को आरोग्य प्रदान किया सभ्यता का नवीन संदेश मानवता को दिया, विश्व की समस्त चिकित्सा पद्धतियों को ‘स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम्’ (Preventive Medicine एवं Curative Medicine) की परिकल्पना दी जिसे WHO ने भी लोहा माना। आज वही शास्त्र हमारी स्वदेशी सरकार के समक्ष उपेक्षित है। विदेशी विद्वानों ने भी माना है कि आयुर्वेद एक उन्नत और प्रमाणिक चिकित्सा विज्ञान है। भारतीय शल्य क्रियाओं एवं उपकरणों की विशाल शाखा के कारण ही सुश्रुत को Father of Surgery कहा गया है।

मित्रो ! चिकित्सा क्षेत्र में मैं आज कुछ हटकर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँः–

**भिषग्द्रव्यण्युपस्थातारोगीपादचतुष्टयम्।**
**गुणचत् कारणंज्ञेयंविकारव्युपशान्तये।।**

चिकित्सा के चार चरणों में गुण युवन्त औषध द्रव्य एक महत्वपूर्ण चरण माना गया है। अतः मेरी दृष्टि में यह जरूरी है कि भैषज्य विज्ञान का एक पृथक पाठ्यक्रम निर्धारित किया जाय, एवं विश्वविद्यालयों में इसकी पृथक पढ़ाई हो, इसकी उपाधि B. Pharma/D. Pharma (Ay) की दी जाय। इसके स्नातकों का औषधि निर्माण उद्योग/औषधि निरीक्षक के रूप में भी नियुक्ति किया जाय। सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों/औषधालयों में नियुक्ति हो।

आवश्यकता इस बात की है कि आयुर्वेद के सभी स्नातकों को द्रव्यगुण विज्ञान में निपुणता होनी चाहिए। किन्तु ऐसी स्थिति नहीं है। उन्हें स्नातक स्तर पर विभिन्न विधाओं का अध्ययन करना पड़ता है। जो B.A.M.S की डिग्री से औषध निर्माण, वनस्पतियों की पहचान मूल वनस्पति नहीं मिलने पर प्रतिनिधि द्रव्यों का सही पहचान नहीं मिल पाता है।

इस बात की जरूरत है, कि हम सभी मिलकर संकल्प ले कि इस मातृ संस्था को कम से कम I.G.M.S के तरह एक स्वायत संस्था के रूप में विकसित किया जाय, जहॉ आयुर्वेद विधा से एक छत्तरी के नीचे सभी प्रकार का शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था हो।

अंत में आने वाले पीढ़ी से मैं यही कहना चाहूँगा, कि मुझे अब समाज के ‘पके हुए’ थके हुए और बिके हुए लोगो से उम्मीद भी नहीं है। भविष्य युवाओं का है युवाओं के लिए और इसे निष्पादित होना भी युवाओ के द्वारा ही है। ध्यान रहे कि मैने युवाओं में शारीरिक युवाओं और बौद्धिक युवाओं (इसमें शारीरिक उम्र आधार नहीं) को शामिल किया है। आप घालमेल को समझे बारीकियों को जाने और भारत (बिहार) को पुनः कम से कम शिक्षा/चिकित्सा के क्षेत्र में विश्वगुरू (Global Leader) बनाये।

अंत में, मैं बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन, पटना, डाबर इंडिया, झंडु, धूतपापेश्वर आदि के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ ।

**(डा० देवव्रतनारायण सिंह)**
अध्यक्ष
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
पूर्ववर्ती छात्र संघ, पटना–3

## 'महासचिव के कलम से'............



**डा० अरूण कुमार सिंह,**
महासचिव
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
पूर्ववर्ती छात्र संघ, पटना–3
**उपाधीक्षक**
राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल, पटना–3
**निबंधक**
बिहार राज्य आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सा परिषद् पटना।
President - NIMA Bihar
फोन न0 (0612) 2686378
मो0 न0 9431374301

# आप किस बात के लिए याद रखे जाना चाहेंगे

साथियों,

हर दृश्यमान वस्तुएँ नाशमान हैं, लेकिन अपनी विशिष्टता से लंबे समय तक याद रखे जाते है चाहे वह प्रकृति की कोई भी चीज हो। प्रकृति के अनमोल रतन में मानव जीवन है जो अपनी विशिष्टता के लिए जाने जाते है। हर मानव को देर सबेर प्रकृति के आगोश मे समा जाना है, नष्ट हो जाना है। आप नजर उठाकर देखें तो कुछ ऐसे व्यक्ति भी है जो कर्त्तव्य की राह पर अपनी जान दांव पर लगा देने और प्रतिद्वंद्वी के मुँह से जीत छीनने के लिए तैयार रहते हैं। हाल में भारतीय टी–20 टीम की पूरी 15 सदस्यीय स्क्वाड 3 जुलाई 2024 के दिन को याद रखेगी, जब विश्वकप जीत के लिए 3 लाख लोगों के बीच मुम्बई के मरीन ड्राइव पर उन्होंने विजय परेड निकाली थी।

अगर आप भी याद किए जाना चाहते हैं तो लोगों को सुनने समझने की अपनी अंतर्निहित क्षमता का इस्तेमाल करें ताकि उन्हें विकसित होने में मदद मिल सकें। समस्याओं के मूल कारण को देखने की अपनी क्षमता का इस्तेमाल करके उन्हें रचनात्मकता के साथ जोड़े और सर्वसम्मति से सकारात्मक समाधान खोजें। आपको हमेशा याद रखा जायेगा।

बिहार के इतिहास ही भारत की मूल इतिहास के रूप में याद किये जाते है। चाहे वह महात्मा बुद्ध के लिए ज्ञानस्थली के रूप में, शिक्षा हेतु नालंदा विश्वविद्यालय के रूप में, चन्द्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक महान, अध्यात्म में माँ सीता, गुरू गोविंद सिंह के जन्मस्थली के रूप में, महात्मा गाँधी के चम्पारण सत्याग्रह के रूप में हमेशा गर्व एवं आदर के साथ याद किये जाते है, पुनः किये जाते रहेगें। अपनी विशिष्टता के वजह से ऐतिहासिक धरोहर एवं ऐतिहासिक लोगों को भी याद रखे जाते ही हैं, लेकिन छोटे एवं स्थानीय स्तर पर एक उदाहरण मैं खगड़िया से अलौली मार्ग में घूरणडेरा की बात करता हूँ। 80 के दशक में भी खगड़िया से अलौली के सड़क मार्ग काफी कठिन था। बीच रास्ते में धुरणडेरा बस पड़ाव पड़ता है। घुरण नाम का व्यक्ति इस इलाके में खेतों के रखवाला, जाति के मुसहर नेकदिल इंसान स्थानीय राहगीरों के दोस्त, मददगार और मार्गदर्शक थे। दशरथ मांझी ने अपनी जिद्द और परिश्रम के बल

पर पहाड़ को चीर कर रास्ता बना दिया। उन्हें तो राष्ट्र क्या अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो चुका है।

मैं अपना संस्मरण आपके पास रख रहा हूँ यद्यपि इसे आप आत्म–प्रशंसा, आत्म–मुग्धता व अपनी पीठ थपथपाने की बात कह सकते हैं। मैंने छात्र जीवन से कड़ी मेहनत एवं कठिन चुनौती को गले लगाना पसंद किया है। अपने ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा के बल पर झारखंड प्रदेश के साहेबगंज में राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी कॉलेज के संस्थापक प्रभारी प्राचार्य के रूप में कॉलेज की जो बुनियाद रखा वह आज भी क्रियाशील है। बिहार राज्य आयुर्वेदिक युनानी चिकित्सा परिषद् के निबंधक के रूप में आमूलचूल परिवर्तन जारी है। याद रखे दोस्तों! यदि आनेवाले पीढ़ियों के रास्तें आसान करना है अथवा मार्गो पर पुष्प बिछाना है तो आपको कांटों भरी मार्ग पर चलना ही होगा, कांटों की ताज धारण करना ही होगा। आप ऐसे कार्यों को करते हुए आपके आत्मबल एवं आत्मविश्वास के बूते लोगों के बीच अंगद पांव जमाने में सहायक होगें।

आज के पूर्ववर्ती युवा चिकित्सक पर अपने समाज प्रदेश एवं देश का गुरूत्तर भार है। आप में यदि जनुनी ताकत आ जाय, जिद्द ठान लें तो आम लोग राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय अस्पताल पटना को याद रखे जानना शुरू कर देगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अगली पीढ़ी अपने पैरों पर खड़ी हो अतिरिक्त प्रयास करते रहे आपके प्रयासों, प्रेरणा और शिक्षण के साथ चिकित्सा के गुणवत्ता के कारण याद किया जायेगा।

अंत में युवा साथियों के लिए मेरा संदेश होगा कि–

सबसे पहले अपने मानक तय करें जो कि आपके काम की गुणवत्ता में बेंचमार्क सेट हो, इससे आप अपनी सपनों की आमदनी के लिए योग्य बन जायेंगे। सफलता के लिए गति से ज्यादा काम की क्वालिटी तय करें।

याद रखे दोस्तोः–

**"सब बाधाएँ पिघल जाएँगी। अगर बचने के बजाय उनसे निपटने का मन बनाएँ।"**

**"भाग्य से हमें नहीं बदलते परंतु कर्मों से भाग्य जरूर बदल जाते है।"**

**(डा० अरूण कुमार सिंह)**
महासचिव
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
पूर्ववर्तीछात्र संघ, पटना–3

# राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पटना पूर्ववर्ती छात्र संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान

विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर Dr. Vijay Shankar Dubey, पूर्ववर्ती छात्र के पुत्र द्वारा पोषित धनराशि से प्रदत्त प्रतिभा सम्मान



Name - Shreya
Batch - 2019
D/o - Vijay Kumar, Patna
Marks - 789/1100

विश्वविद्यालय परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर Dr. Ginni Jakhanwal, पूर्ववर्ती छात्रा के द्वारा प्रदत्त प्रतिभा सम्मान



Name - Arti Kumari
Batch - 2019
D/o - Arun Singh, Khagaria
Marks - 764/1100

विश्वविद्यालय परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर Dr. Jagannath Tripathi, पूर्ववर्ती छात्र के द्वारा प्रदत्त प्रतिभा सम्मान



Name - Aarti Kumari
Batch - 2019
D/o - Brijkishore Prasad, East Champaran
Marks - 753/1100




आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति करने पर बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय जी को राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पटना पूर्ववर्ती छात्र संघ की ओर से आभार एवं अभिनंदन।

सभी पूर्ववर्ती छात्रों को आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर योगदान करने पर हार्दिक शुभकामनाये ।

Congratulatios to Alumni Dr Shishir Prasad for being expert / Speaker in International Conference at Lisbon, Portugal , Italy, Australia , Mexico, USA etc



# Government Ayurved College & Hospital, Patna

## 1995 BATCH

| S. No. | NAME | DISTRICT | PRESENT STATUS |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Anamika | Bokaro | CMO (NFSG), MCD, Delhi |
| 2 | Dr. Anita Sinha | Patna | Prof., NAMCH, Bihar |
| 3 | Dr. Arvind Kumar Jha | Madhubani | AMO, Govt. of Bihar |
| 4 | Dr. Atal Bihari Trivedi | Nalanda | Prof., CBPACS, New Delhi |
| 5 | Dr. Ashok Sinha | Ramgarh | Research Officer, R.A.R.I., Patna, GOI |
| 6 | Dr. Bipin Kumar | Munger | AMO, Govt. of Bihar |
| 7 | Dr. Dipankar Sri Gyan | Patna | MO Ayush, Govt. of Bihar |
| 8 | Dr. Kumar Anand | Kaimur | MO, Haryana |
| 9 | Dr. Nagendra Kumar | Nalanda | AMO, Govt. of Bihar |
| 10 | Dr. Nisha Ojha | Buxar | Prof.& HOD, Dept of Kaumarbhritya, NIA, Jaipur |
| 11 | Dr. Pankaj Kumar | Patna | AMO, Govt. of Bihar |
| 12 | Dr. Priyanka Priyadarshini | Sasaram | AMO, Govt. of Bihar |
| 13 | Dr. Raj Kumar | Darbhanga | AMO, Govt. of Bihar |
| 14 | Dr. Rajan Nelson Munzni | Gumla | Prof.&HOD,Dept of Panchakarma, B.A.M.C.H., UP |
| 15 | Dr. Ram Babu Paswan | Samastipur | Clinical Registrar, GACH, Patna |
| 16 | Dr. Ranjay Kumar Bala | Ranchi | MO Ayush, Jharkhand Govt. |
| 17 | Dr. Sachchida Nand Singh | Samastipur | Professor |
| 18 | (Late) Dr. Santosh Kumar Biswas | Saharsa | Died in 2022 as MO Ayush Bihar cum PG scholar in GACH Patna |
| 19 | Dr. Shakuntala Sundi | Ranchi | MO Ayush in Jharkhand Govt. |
| 20 | Dr. Shambhu Singh | Munger | Asso. Prof., RASKAC, Begusarai |
| 21 | Dr. Shruti Smriti Choudhary | Bhagalpur- | |
| 22 | Dr. Subhash Chandra Jha | Sahebganj | AMO, Raigarh, CG |
| 23 | Dr. Tanuja Prasad | Palamu | Prof., Dept of DG, SA College, Amroha, UP |
| 24 | Dr. Vinay Kumar | Nalanda | |
| 25 | Dr. Vinoy Kumar | East Champaran | AMO, Govt. of Bihar |

# राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पटना पूर्ववर्ती छात्र



## BATCH 1995 - 2000




**Congratulations to Alumni Dr Nisha Ojha for participation as guest speaker in International conference on Traditional medicine under the theme " Alternative Medicine and Herbs" on 4th and 5th July 2024 in Thailand**

**Alumni Dr Raman Ranjan as expert Speaker in International Conference at Mexico and USA.**



पूर्ववर्ती छात्र डॉक्टर वकील सिंह को झारखंड आयुर्वेदिक एवं यूनानी परिषद में निबंधक का पद भार ग्रहण करने की शुभकामनाये



# पूर्व में सम्पन्न कार्यक्रमों का झलकियाँ























## NAME OF ALUMNI ASSOCIATION MEMBERS



Name : Dr. Shambhu Kumar
Batch : 1995
Address : G. A. S. Ayurveda College Begusarai
Mob. : 9450530494
E-mail : vdshambhu@gmail.com



Name : Dr. Uma Shankar Chaturvedi
Batch : 1975-82
Address : Ex-Principal G. A. S. Ayurveda College, Begusarai
Mob. : 9835059328
E-mail : dr.chaturvedius@gmail.com